राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में युवा संसद 21 को होगी

अजमेर, (कासं)। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय अपने परिसर में 21 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है, जिसे भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा प्रायोजित किया गया है।

इस प्रतियोगिता में विद्यार्थी एक मॉक संसद का मंचन करेंगे और भारतीय संसद की विभिन्न प्रक्रियाओं और नियमों का पालन करते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस तरह की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संसद की कार्यप्रणाली से अवगत कराना और संसदीय बहस की बारीकियों को समझाना है।

55 मिनट के प्रदर्शन में 55 छात्र भाग लेंगे, जहां युवा संसद सदस्य भारतीय संसद की सभी कार्य प्रक्रियाओं का पालन करेंगे और जल, कृषि, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा, विदेश नीति आदि जैसे विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे।

इसके अलावा, वे भारत में बदलते जनसांख्यिकी, खाद्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और जल संकट के संदर्भ में कृषि संकट पर बहस करेंगे। साथ ही, वे हाल ही में संसद में प्रस्तुत वक्फ बोर्ड विधेयक पर भी चर्चा करेंगे, जिसे अभी पारित किया जाना बाकी है।

प्रतिभागी विद्यार्थी अध्यक्ष, प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और विभिन्न मंत्रियों की भूमिका निभाएंगे और विपक्षी दलों के युवा संसद सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों और चिंताओं का उत्तर देंगे। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन तीन सदस्यीय समिति द्वारा किया जाएगा, जिसमें संसदीय कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि, सांसद और एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् शामिल होंगे।

प्रतियोगिता के विषय मे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने बताया कि 'युवा संसद प्रतियोगिता न केवल हमारे विद्यार्थियों में विचारशील नेतृत्व, अनुसंधान कौशल और तार्किक तर्क-वितर्क की क्षमता को निखारेगी, बल्कि उनको लोकतांत्रिक प्रणाली को समझने और उसमें सक्रिय भागीदारी की भावना विकसित करने का एक शानदार मंच भी प्रदान करेगा।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय प्रक्रियाओं और बहस कौशल को सीखने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। आयोजन मे विश्वविद्यालय प्रशासन, संकाय सदस्य, विद्यार्थियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

खेत पर किसान की मौत

मसूदा, (निसं)। मसूदा थाना क्षेत्र के ग्राम नन्दवाड़ा में बुधवार को खेत पर कार्य करते एक किसान की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के भाई ने मसूदा थाने में रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया कि उसके ताऊ का लड़का हरजी पुत्र जीवन जो की सुबह अपने खेत पर गेहूं की फसल काटने के लिए गया था।

तभी तेज धूप की वजह से हरजी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिससे खेत पर ही अचेत हो गया और उसकी मौत हो गई।

वही हरजी का शव मसूदा मोर्चरी में रखवाया जहां पुलिस की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम करवाया गया। मसूदा पुलिस ने शव परिजनों को सौप दिया और साथ ही मसूदा पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

त्यौहार जीवन में नई उर्जा का संचार करते हैं : भूतड़ा

ब्यावर, (निसं) जिला मुख्यालय स्थित केसरीनंदन गार्डन में आयोजित होली स्नेहमिलन फागोत्सव समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का संकल्प दोहराया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा व जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत ने एक-दूसरे को गुलाल लगाते हुए गले मिले और होली की शुभकामनाएं दीं। भूतडा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि होली का पर्व सभी के जीवन में नया उत्साह और ऊर्जा भरे तथा एकता व भाईचारे को और प्रगाढ़ करे।भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट जीतमल प्रजापत ने कहा कि होली का पर्व रंगों के साथ-साथ भाईचारे और सामूहिक उत्सव का प्रतीक है। अपने मतभेद भूलाकर इस पर्व को आपसी प्रेम और सौहार्द से मनाना चाहिए।मंच संचालन ओम महावर ने किया व प्रसिद्ध लोक गायक रामदयाल अलबेला, चंग की धाप पर म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा टीम ने होली के रसीले गीतों व फाग गाकर समां बांध दिया। कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक ढोल-थाली की धुनों पर नृत्य करते हुए खुशी का इजहार किया। अल्पाहार, शीतल ठंडाई का सभी ने आनंद लिया।जिला महामंत्री पवन जैन ने कहा कि इस तरह के आयोजन पार्टी की एकजुटता को मजबूत करते हैं व भाजपा नेतृत्व को क्षेत्र में अधिक सशक्त बनाते हैं। मंडल महामंत्री संतोष जाठात ने बताया की इस अवसर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व मंडल अध्यक्षो का साफा माला पहनाकर स्वागत किया।

जिला मंत्री बृजकिशोर शर्मा, शिव प्रकाश सामरिया, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, मंडल अध्यक्ष रवि चौहान, विजय दगदी, सन्तोष रावत, प्रदीप रावत, जयसिंह सुहावा, कुशाल सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरेश मितल, डुंगरसिह रावत, मण्डल महामंत्री सत्येंद्र यादव, नवल किशोर मुरारका, बुधराज शर्मा, इन्दर सिंह बागावास, जितेंद्र कांवडिया, भूदेव आर्य, देवेन्द्र शर्मा, देवकीनंदन शर्मा, डी के जैन, सौभागमल खौरवाल, शंकरलाल जागरिवाल, प्रीति शर्मा, रेखा शर्मा, ललिता जालान, पुष्पा आसनानी, शशिबाला सोलंकी, रमेश दगदी, गोरी शंकर भाटी, संतोष दगदी, दीपक चौहान, विपिन गुजराती, यज्ञेश शर्मा, मुकेश घावरी, बछराज छिपा, कुंज बिहारी, रामेश्वर गहलोत, हरीश सांखला, तारा सोनी, लीला रावत, शिखा गुप्ता, कंचन रावत, राजेन्द्र जागिंड, मनिष बंसल, गोलु पहलवान, हेमंत दाधीच, हिमांशु शर्मा, प्रदीप कड़ीवाल सहित कई जने उपस्थित रहे।

केशव दास महाराज के भंडारे की तैयारी शुरू

आसीन्द, (निसं)। कस्बे में स्थित नृसिंह द्वारा के महन्त केशव दास महाराज का साकेत गमन 2 जनवरी को हुआ था जिनका विशाल भण्डारा तथा विशाल सन्त सम्मेलन 10 अप्रैल 2025 को किया जायेगा।

9 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय सन्त गौभक्त प्रकाश दास महाराज के मुखारबिंद से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। नृसिंह द्वारा ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि भण्डारे को विशाल करने एवं मेवाड़ मण्डल के सभी दिव्य संतों को भण्डारे में बुलाने हेतु निमन्त्रण देने का काम आज पूरण दास जी की बगीची भीलवाड़ा के महन्त आसुतोष दास महाराज के सानिध्य में कुछ दिनों पूर्व बैठक के बाद शुरू किया गया तथा महन्त केशव दास महाराज के हजारो अनुयायी भक्तों तक निमन्त्रण देने का काम प्रगति पर है।

बुधवार को सूरजकुंड के अवधेशानन्दजी महाराज दंडीस्वामी को महाराजजी एवं एडिशनल एसपी,सीआईडी क्राइम ब्रांच उदयपुर बृजेश कुमार सोनी, राजसमंद जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा को केशवदासजी के भंडारे का निमंत्रण पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। भण्डारे की तैयारियों को लेकर कमेठी का भी गठन कर सभी सदस्यों को जिम्मेदारी दे दी गई है।

बादशाह की सवारी निकाली

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ शहर साहित उपखंड क्षेत्र मे रंग पंचमी का पर्व मनाया। सरवाड़ शहर के हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में बुधवार को रंग पंचमी पर बादशाह की सवारी निकाली।

क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम की मौजूदगी रही गौतम ने गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। बादशाह की सवारी को रावना करवाया यह बादशाह की सवारी शहर में सूर्य तलाई से प्रारंभ होकर बालाजी मंदिर गोपाल जी मंदिर महेश्वरी भवन पोरवाल घाटी मथुराधीश मंदिर सदर बाजार से होते हुए बस स्टैंड पहुंचकर संपन्न हुई। डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए चल रहे थे। व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर पर्व का आनंद लिया। सुबह से ही नवयुवकों ने अलग-अलग टोली बनाकर, घर घर पहुंचकर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। शांति व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद चौधरी मय जाब्ते तैनात दिखाई दिए।

माली सैनी समाज का होली स्नेह मिलन हुआ

मेड़तासिटी, (निसं)। मेड़ता माली समाज का बुधवार को अशोक वाटिका में समाज अध्यक्ष जबरसिंह भाटी की अध्यक्षता में होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें समाज के बंधुओं ने एक-दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी और मुंह मीठा कराया।

इस मौके पर 22 मार्च को शीतला अष्टमी पर सोजती गेट महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर धुलिया में आयोजित डांडिया गैर की व्यवस्था पर चर्चा की गई। यह मेला माली सैनी समाज के नवयुवक मंडल के तत्वावधान में आयोजित होता है। इस मौके पर 23 मार्च को पुष्कर में आयोजित अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन संस्थान के चुनाव पर चर्चा की गई। इस मौके पर नवयुवक मंडल अध्यक्ष डॉ. महिन्द्रा भाटी, महात्मा ज्योतिबा फूले माली सैनी सेवा संस्थान के अध्यक्ष भंवरलाल जादम, पूर्व समाज अध्यक्ष बादरमल सांखला, पुखराज टाक, रमजीराम गहलोत, मनोहर गहलोत, रामस्वरूप गहलोत, मोहनलाल माटी, मोती लाल पालड़िया, रामचन्द्र जादम, पन्ना लाल सांखला, नेमीचंद सामरिया, रामरतन गहलोत, पुनाराम भाटी, रामचन्द्र भाटी, राजेन्द्र सांखला, मोहित टाक, ओमप्रकाश गहलोत, दिलीप कुमार टाक, छोटूराम पालड़िया, नाथूराम सांखला, जगदीश टाक, नेनाराम गहलोत, अमराराम सांखला, विजयराज सांखला, गंगाराम भाटी, एडवोकेट हरीश भाटी, चेतन भाटी, रामस्वरूप टाक, जितेन्द्र गहलोत, राहुल कच्छावा, ताराचंद मारोठिया, चेतन गहलोत, रामनिवास तंवर, ताराचंद जादम, लूणाराम सांखला व जबरसिंह सांखला सहित अनेक समाज उपस्थित रहे।

ए.डी.ए. ने हटाया अतिकमण

अजमेर, कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण के दस्ते ने बुधवार को ए.डी.ए. स्वामित्व की भूमि से अतिकमण हटाया।

प्राप्म जानकारी के अनुसार ग्राम थोक मालियान द्वितीय के खसरा नम्बर 6206 जो अजमेर विकास प्राधिकरण के नाम दर्ज है। अजमेर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त जोन दक्षिण में दर्ज प्रकरण संख्या 24/2025, निर्णय 10 मार्च की पालना में चन्द्रवरदाई नगर ब्लॉक बी में प्लॉट संख्या 60 एवं 61 से कनिष्ठ अभियन्ता, पटवारी, तहसीलदारै मय पुलिस जाप्ता की उपस्थिति में अतिक्रमण को जे.सी.बी की सहायता से हटाया गया। मौके पर उक्त कार्यवाही के दौरान कोई विरोध नहीं हुआ।

निजी खातेदारी तालाब में मछली का टेंडर, निरस्त करने की मांग

आसीन्द, (निसं)। आसींद उपखंड क्षेत्र के कटार गांव के ग्रामीणों ने पंचायत समिति कार्यालय पहुंचकर विकास अधिकारी भंवर सिंह चारण को मुख्य कार्यकारी अधिकारी भीलवाड़ा के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि गांव कटार में एक बांकडिया तालाब स्थित है। उक्त तालाब ग्राम वासियों की निजी खातेदारी में बना हुआ है जो की ग्राम वासियों का निजी तालाब है, परंतु उक्त तालाब में मछली पालन हेतु पंचायत समिति आसींद से अकसर 7000 में मटर माल के नाम टेंडर जारी कर दिया गया था। जिससे उक्त तालाब में मछली पालन से पूरे तालाब में गंदगी फैल गई है तथा गांव के पशु एवं आवारा मवेशी पानी नहीं पी पा रहे हैं।

सेन जयंती के लिए गणेश जी को प्रथम निमंत्रण

ब्यावर, (निसं)। श्री मारू सेन समाज पंचायत बोर्ड संस्था के तत्वाधान में बुधवार को सूरजपोल गेट के बाहर श्री प्रसन्न गणपति मंदिर 5 दिवसीय 725 वीं सेन जयंती हेतु गणेश जी को निमंत्रण दिया गया।

समाज के अध्यक्ष दिलीप सेन ने बताया की सेन मंदिर के पुजारी उमेश शर्मा द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद आगामी 25 अप्रैल 2025 को 725 वीं सेन जयंती को भव्य रूप से मनाने ओर कार्यक्रम को सफल बनाने की अरदास की गई।

निमंत्रण कार्यक्रम के पश्चात श्री मारू सेन मंदिर भवन पर सेन जयंती के सभी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया।गणेश जी निमंत्रण में समस्त मारू सेन समाज बंधु, वरिष्ठजन,मातृशक्ति, नवयुवक, सभी पदाधिकारी गण कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज बंधु मौजूद थे।

गोपालजी मोहल्ला गणगौर समिति की कार्यकारिणी बनी

ब्यावर, (निसं) श्री गोपाल जी मोहल्ला गणगौर समिति की मीटिंग श्री गोपालजी मोहल्ला शिव मंदिर में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इस वर्ष भी गणगौर मेले का आयोजन 31 मार्च सोमवार से गोपाल जी मौहल्ला मंदिर के बाहर 129 वर्ष पुराना गणगौर मेला बडी धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। उक्त मेले को सफल बनाने के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। मीटिंग में किशनलाल शर्मा, दामोदरप्रसाद अठावाल, अचलसिंह राजपुरोहित, रामेश्वर शर्मा को संरक्षक, संजय शर्मा, राजेंद्र सर्राफ, अशोक गोयल, राजकुमार बंसल, विपिन जोशी, राजेंद्र सिंघल को मेला संयोजक शिवेन्द जोशी अध्यक्ष, गणेशगोपाल शर्मा, गिरधारी अग्रवाल उपाध्यक्ष, अशोक मूंदडा सचिव, शैलेंद्र गुप्ता सहसचिव, सत्यनारायण अग्रवाल, नरेश शर्मा, जितेंद्र ठठेरा मीडिया प्रभारी, राहुल गोयल, जगदीश राजपुरोहित प्रचारमंत्री, ऋषिराज सोनी, राजेश ठठेरा, जितेंद्र सोनी, आशीष जोशी, ईशान जोशी, अपूर्व शर्मा, मौलिक जोशी को श्रृंगारकर्ता, कार्यकारिणी सदस्य सतनामसिंह, शरद शर्मा, श्यासुंदर अग्रवाल, निकलेश मित्तल, सुधीर शर्मा, प्रकाश शर्मा, कैलाश शर्मा, धीरज सोनी, रमेश सोनी, हर्ष अग्रवाल, विनय अग्रवाल, लीलाधर बंसल, नारायण लखारा, गौरीशंकर गहलोत, मुकेश मूंदड़ा, उत्कर्ष शर्मा को नियुक्त किया गया। इस मीटिंग में समस्त सदस्यों के सामने गत वर्ष का आय व्यय का हिसाब भी प्रस्तुत किया गया।

समिति अध्यक्ष शिवेंद्र जोशी व मीडिया प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि श्री गोपालजी मौहल्ला गणगौर समिति द्वारा आयोजित 9 दिवसीय गणगौर मेले की तैयारियां गाजे बाजे के साथ गणपति पूजन से शुरू हो गई। गणपति पूजन मे अध्यक्ष शिवेंद्र जोशी, किशनलाल शर्मा, रामेश्वर शर्मा, संजय शर्मा, राजेंद्र सर्राफ, सत्यनारायण अग्रवाल, नरेश शर्मा, अशोक गोयल, विपिन जोशी, राजेंद्र सिंघल, गणेशगोपाल शर्मा, गिरधारी अठावाल, अशोक मूंदडा, राहुल गोयल, ऋषिराज सोनी, राजेश ठठेरा, जितेंद्र सोनी, जितेंद्र ठठेरा, धीरज सोनी, ईशान जोशी, मौलिक जोशी, सतनामसिंह, निलेश मित्तल, सुधीर शर्मा, धीरज सोनी, रमेश सोनी, हर्ष अग्रवाल, नारायण लखारा, प्रकाश शर्मा आदि सदस्य मौजूद थे।

दिया कुमारी का अभिनंदन

मेड़ता सिटी, (निसं)। मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरु ने राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात कर मेड़ता में विकास की गंगा बहाने को लेकर अभिनंदन किया। वही सचिवालय स्थित दीया कुमारी के कार्यालय में की शिष्टाचार मुलाकात की। मेड़ता विधायक कलरू ने बताया कि मेड़ता विधानसभा क्षेत्र में 15 करोड़ की सड़कें और 22 करोड़ की राशि से बनने वाले जसनगर बाईपास के लिए आभार जताया।

शिक्षा का महत्व समझाया

मसूदा, (निसं)। मसूदा उपखंड के कानाखेडा पीईईओ अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोपाल सागर के दलित विद्यार्थी काफी समय से स्कूल में अनियमित चल रहे थे। शिक्षक केसर सिंह व धारा सिंह ने घर-घर जाकर अभिभावकों से सम्पर्क कर नियमित विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित कर शिक्षा का महत्व बताया

पुष्कर में सर्वोदय संकल्प शिविर का समापन हुआ

पुष्कर, (कासं)।राजस्थान के पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ रघु शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं से अधिक नेताओं को प्रशिक्षण की आवश्यकता है। पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ रघु शर्मा बुधवार को पुष्कर में गुर्जर भवन में राजीव गांधी पंचायत राज संगठन द्वारा आयोजित सर्वोदय संकल्प शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी सी यादव ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता को स्वराज एवं सर्वोदय के विचार को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ सर्वोदय संकल्प शिविर का समापन हुआ। कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का दो दिवसीय आवासीय सर्वोदय संकल्प शिविर में प्रातः काल सभी शिविर प्रतिनिधियों ने श्रमदान किया एवं पूरे शहर में जय जगत जय जगत पुकारे जा गांधी भजन के साथ प्रभात फेरी निकाली।

शिविर में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सी.बी.यादव एवं राष्ट्रीय महासचिव डॉ.सुनील पंवार द्वारा पंचायती राज राष्ट्र निर्माण एवं कांग्रेस कार्यकर्ता की भूमिका पर विभिन्न सत्र लिए गए।

शिविर में स्थानीय सरकारों के संवैधानिक अधिकारों को प्राप्त करने के लिए एक जन आंदोलन की रणनीति की तैयार की गई। आगामी 24 अप्रैल पंचायत राज दिवस को जयपुर में स्थानीय सरकारों के समय पर चुनाव करवाने एवं उनके सशक्तिकरण को लेकर पंचायती राज सम्मेलन करवाने का भी निर्णय लिया गया।

शिविर के समापन सत्र पूर्व मंत्री डॉ रघु शर्मा पूर्व राज्य मंत्री नसीम अख्तर, विधायक प्रत्याशी द्रौपदी कोली एवं शिव प्रकाश गुर्जर ने संबोधित किया। संगठन के अजमेर देहात के अध्यक्ष हरचंद खटाना अजमेर शहर अध्यक्ष राजकुमार गर्ग ब्यावर अध्यक्ष राम यादव, ब्लॉक अध्यक्ष समीर भटनागर, हनीफ अंसारी ने सभी आगंतुकों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर अजमेर से जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिवकुमार बंसल, महेश चौहान, मामराज सेन, शक्ति सिंह रावत संगठन के उपाध्यक्ष विकास गोदानिया, लाला राम नायक, महासचिव केशव त्रिपाठी, संदीप मेहता, अविनाश बोरानिया, नंदराम महेरिया आदि उपस्थित रहे।

संघर्ष समिति ने ज्ञापन दिया

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। राजस्थान संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति के भीलवाड़ा जिले के बैनर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री के नाम से एडीएम व जिला को ज्ञापन सौंपा गया,

जिला अध्यक्ष मनोज जोशी ने बताया है कि नई आगामी नियमित सीधी भर्ती नर्सिंग ऑफिसर/ एएनएम/ फार्मासिस्ट/ लैब टेक्नीशियन/ लैब सहायक /रेडियोग्राफर की भर्ती प्रक्रिया करवाने,भर्ती को मेरिट व बोनस 10,20,30 अंक पर सुनिश्चित करवाने की मांग रखी। भर्ती लिखित से न होकर सीधी भर्ती करवाएं। पप्पू कुमार वर्मा, सुरेश चंदेल ने बताया कि संपूर्ण राजस्थान से एक साथ ज्ञापन सौंपे। भूपेंद्र शर्मा व सुरेश गुर्जर ने बताया कि आगामी भर्ती में पिछली सरकार ने बोनस अंक दिया था जिसमें एक दिन काम किया उसको भी 15 अंक दिए थे जबकि दो तीन साल से कार्यरत स्टाफ वो इस भर्ती वंचित रहे गए थे।

8 ग्राम पंचायत के 24 राजस्व गांवों को निगम में शामिल करने से रोष

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम से सटी 8 ग्राम पंचायतों के 24 राजस्व गांवों को भीलवाड़ा निगम में शामिल करने का 12 मार्च को नोटिफिकेशन जारी किया गया। नोटिफिकेशन आने के साथ ही इन इलाकों में आक्रोश फैल गया और सरपंचों व ग्रामीणों ने बिना लिए नोटिफिकेशन जारी करने का विरोध करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

इन क्षेत्रों के सरपंच, पूर्व सरपंच, जिला परिषद मेंबर और अन्य जनप्रतिनिधियों ने सर्किट हाउस में मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि सरकार के द्वारा 12 मार्च 2025 को नोटिफिकेशन जारी कर सुवाना ग्राम पंचायत समिति की 8 ग्राम पंचायत के 24 राजस्व ग्रामों को नगर निगम में शामिल किया गया है, जिसका पुरजोर विरोध दर्ज करने के साथ ही आंदोलन की तैयारी में है। आने वाले दिनों में इस विषय में मुख्यमंत्री से मिलेंगे और हमारा ज्ञापन उन्हें भी देंगे। राज्य सरकार की अधिसूचना में जिस तरीके से हमारी 8 ग्राम पंचायत के 24 राजस्व ग्राम को नगर निगम के परिसीमन के अंदर लिया है। उसके लिए हमने पहले भी ज्ञापन दिया अपनी मांगों से स्थानीय प्रशासन और सरकार को अवगत कराया, लेकिन अब तक भी इस और कौन ध्यान नहीं दिया गया है।

यह विषय ग्रामवासियों का विषय है। ग्रामवासी इतने मजबूत नहीं है, ऐसी स्थिति में नहीं है कि वो आज पंचायत से निकलकर, गांव से निकलकर नगर निगम तक जाकर अपना कार्य करवा सके। उनकी परेशानियों को देखते हुए हमारा राज्य सरकार से निवेदन है कि हमारी जो पंचायत है, जो हमारे गांव हैं। उन्हें पंचायत में रखते डुए हमें परिसीमन से बाहर रखें। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि परिसीमन से अपनी ग्राम पंचायत को बचाने के लिए पंचायत बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया है। गांव से लेकर शहर और शहर से लेकर संसद तक भी आंदोलन करना पड़ा तो हम करेंगे। उन्होंने कहा कि निगम में शामिल होने से ग्रामीण इलाके की चारागाह भूमि पर भूमाफियाओं का कब्जा हो जाएगा। मनरेगा का काम समाप्ति की और चला जाएगा। निगम में गांवों को शामिल नहीं करने के लिए प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से भी मिलेगा, उसके बाद भी समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को रूपरेखा तैयार की जाएगी।

आम सूचना

मेरी माता सेजा पत्नी सुजा जाति रेगर निवासी अरांई की मृत्यु दिनांक 9.9.1993 को मेरे निवास स्थान अरांई में हो गई थी, जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत अरांई में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता सेजा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृतयु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी : रामगोपाल पुत्र सुजा जाति रेगर निवासी अरांई तह. अरांई (अजमेर)

उत्तर पश्चिम रेलवे

शुद्धि पत्र

ई-निविदा सं. CMSAII2024LPDRHAIIRT

प्रकाशन की तिथि 20/02/2025

मुख्य चिकित्सा अधिक्षक, अजमेर द्वारा मंडल रेलवे चिकित्सालय अजमेर के लिए श्रेणी (1) औषधियों श्रेणी (2) सर्जिकल और श्रेणी (3) उपभोज्य वस्तुओं की दैनिक आपूर्ति के लिए विक्रेताओं यानी फर्मों / वितरकों / केमिस्ट की दुकानों के पैनल के लिए IREPS के द्वारा ई-निविदा आवेदन निर्धारित शर्तों पर आमंत्रित दिनाक 12.02.2025 को किये गए थे। IREPS पर ई-निविदा समाप्ति/बंद की पूर्व तिथि एवं समय 22/03/2025 को 15.00 बजे थी। ई-निविदा समाप्ति/बंद की तिथि को टेंडर की नियम व शर्तों में शुद्धिपत्र जारी करते हुए दिनाक 28/03/2025 को 15.00 बजे तक बढ़ाया जाता है।

ई-निविदा **शुद्धि पत्र** को बोलीदाताओं (Bidders) द्वारा वेबसाइट- http://nwr.indianrailways.gov.in और http://www.ireps.gov.in से ऑनलाइन देखा जा सकता है या निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। 377-DK/25

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांकः न.प.कि./नाम हस्तान्तरण/2024/997 **आम सूचना** दिनांकः 19/3/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 416/1, 416/4, 416/6 पर स्थित व्यवसायिक (भूखण्ड क्षेत्रफल 2618.80 वर्गगज) पर श्री विकास चन्द्र शर्मा पुत्र स्व. श्री कैलाशचंद शर्मा ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व में : पक्षकार का पूर्वाधिकार कैलाशचंद शर्मा की स्वयं की भूमि पश्चिम में : दिलीप राव का मकान

उत्तर में : राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 08 दक्षिण में : कमल जांगिड एवं अन्य के मकान

अतः उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नही होगी।

प्रभारी

नगर परिषद किशनगढ़

उत्तर पश्चिम रेलवे निविदा सूचना

सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा सूचना

भण्डार विभाग ई-प्राक्योरेमेंट के द्वारा

निविदा सूचना संख्या: S/52/NWR/AII/2025/03 दिनांक: 17.03.2025

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर, भारत के राष्ट्रपति की लिए एवं उनकी और से ई-निविदा www.ireps.gov.in साईट पर आमंत्रित कर रहे है निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल / संसोधित निविदा प्रस्तुत कर पायेगे। मैनूअल (ई-निविदा के अलावा) प्रस्ताव इन निविदाओं के विरुद्ध मान्य नहीं होंगे। इस तरह मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

क्र. सं.	निविदा सं.	मद का विवरण	मात्रा	यूनिट	खुलने की तिथि
1.	52255102	(1) Supply installation and commissioning of Flat Work Ironer STEAM HEATED AS PER ANNEXURE -A.	1	नंबर	08.04.2025 को 14.25 बजे तक
		(2) Supply installation and commissioning of Automatic Feeder as per attached Annexure-A.	1		
		(3) Supply installation and commissioning of Automatic Folder as per attached Annexure-A.	1		

(1) इच्छुक निविदाकर्ता हमारी वेबसाईट www.ireps.gov.in पर सामग्री का पूरा विवरण / स्पेसिफिकेसन / बयाना राशि / निविदा फार्म का मूल्य और अन्य जानकारी देख सकते है। सभी निविदाकर्ताओं से निवेदन है कि अपने डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करें तथा अपनी फर्म को उक्त साइट पर रजिस्ट्रर्ड करें। (2) 50 लाख से नीचे के विज्ञापित निविदा, सीमित निविदा, विशेष सीमित निविदा एवं कम मूल्य की निविदा में भाग लेने के लिए हमारी वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें। 327-AJ/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2024/6062 **आम सूचना** दिनांक : 19.3.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदनकर्ता का नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
346	माया देवी पत्नी पुखराज टेलर	इन्दिरानगर नगर बिजयनगर ब्लॉक नं. बी भू.सं. 29 का पूर्वी हिस्सा	92.90 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स केशव ग्रुप, गली न. 5, मकान न. 251, नन्द नगर, ब्यावर मे स्थित है, जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक 17/01/202/2012 है और जिसमे 01/04/2004 से निम्न भागीदार चले आ रहे थे -

1. श्री कमल किशोर शर्मा पुत्र श्री नाथु लाल शर्मा, उम्र 62, निवासी मकान न. 2 / 18, प्रताप नगर ब्यावर (राजस्थान)
2. श्री रोहित चौधरी पुत्र श्री बृजमोहन चौधरी उम्र 45, निवासी मकान न. 5/251, बृज विला, नन्द नगर ब्यावर (राजस्थान)

यह कि दिनांक 10/03/2025 को निष्पादित भागीदारी भंगनामे (Dissolution Deed) से उक्त भागीदारी को भंग (Dissolved) कर दिया गया है। इस सम्बन्ध मे किसी को कोई आपति हो तो कार्यालय रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स, जिला उद्योग केन्द्र, अजमेर मे सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर संम्पर्क करे 7 बाद अवधि कोई आपत स्वीकार्य नही होगी।

दिनांक : 17.03.2025 भवदीय : रोहित चौधरी

स्थान: ब्यावर भागीदार

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगरपरिषद कुचामन सिटी

Email : eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in फोन नं. 01586.220022

munibkcity@gmail.com 01586.221526

क्रमांक : न.पा.कु /2024-25/7917 **आपत्ति आमन्त्रण सूचना** दिनांक : 17.03.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक द्वारा इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र मय नक्शा वास्ते भू-उपयोग परिवर्तन प्रयोजनार्थ प्रस्तुत किया है

क्र.सं.	पत्रावली संख्या	आवेदक का नाम व पता	क्षेत्रफल	वर्तमान उपयोग	भू-उपयोग परिवर्तन